राज्यपाल सचिवालय
राजभवन, जयपुर

## गांधी जी और शास्त्री जी की जयंती पर राज्यपाल और मुख्यमंत्री ने पुष्प अर्पित कर किया नमन

जयपुर, 2 अक्टूबर। राज्यपाल श्री हरिभाऊ बागडे और मुख्यमंत्री श्री भजन लाल शर्मा ने गुरुवार को महत्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री जयंती पर कनोडिया कॉलेज के निकट स्थित राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की प्रतिमा एवं शास्त्री जी की छवि पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धा निवेदित की।

राज्यपाल और मुख्यमंत्री ने बाद में वहीं गांधी सर्किल पर रामधुन और भक्ति संगीत भी सुना।

———————

## राजभवन में बापू की प्रतिमा और शास्त्री जी की छवि पर माल्यार्पण कर की श्रद्धा निवेदित

जयपुर, 2 अक्टूबर। राज्यपाल श्री हरिभाऊ बागडे ने राजभवन स्थित महात्मा गांधी की प्रतिमा और शास्त्री जी की छवि पर माल्यार्पण कर अपनी श्रद्धा निवेदित की।

राज्यपाल ने बाद में कहा कि गांधीजी के सत्य, अहिंसा और अपरिग्रह के आदर्श हमारी जीवन प्रेरणा है। उन्होंने शास्त्री जी की ईमानदारी, नैतिकता और सादगी के आदर्श भी जन जन को अपनाने का आह्वान किया।

—————

## विधानसभा अध्यक्ष ने राज्यपाल श्री बागडे से की मुलाकात

जयपुर, 2 अक्टूबर। राज्यपाल श्री हरिभाऊ बागडे से गुरुवार को विधानसभा अध्यक्ष श्री वासुदेव देवनानी ने राजभवन पहुंचकर मुलाकात की। उन्होंने राज्यपाल को विजयादशमी की बधाई और शुभकामनाएं दी स राज्यपाल से उनकी यह शिष्टाचार भेंट थी।

राज्यपाल श्री बागडे से बाद में उन्होंने राज्य से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर संवाद भी किया।

—————







स्वच्छता ही सेवा 2025
गांधी जयंती
स्वच्छोत्सव
स्वच्छता ही सेवा 2025
17th September – 02nd October
स्वच्छ भारत मिशन की एक पहल
गुरुवार 2 अक्टूबर, 2025
नगर निगम ग्रेटर जयपुर







